ANNUAL REPORT

2023-2024

वार्षिक प्रतिवेदन
2023-2024

होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान
HOMI BHABHA NATIONAL INSTITUTE

(परमाणु ऊर्जा विभाग की एक सहायता प्राप्त संस्था एवं यूजीसी अधिनियम 1956 की धारा 3 के तहत एक मानद विश्वविद्यालय है)

(A Deemed to be University u/s 3 of UGC Act 1956 and a Grant-in-Aid Institute of the\ Department of Atomic Energy, Govt. of India)

- **हिन्दी दिवस समारोह**

हिन्दी दिवस के अवसर पर होमी भाभा परिषद कक्ष मे दिनांक १४ सितम्बर 2023 को दोपहर 3:00 बजे एक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. वी. सी. साहनी, पूर्व निदेशक, आरआरसीएटी, इंदौर और पूर्व निदेशक, भौतिकी समूह, बीएआरसी मुख्य अतिथि थे।

समारोह की शुरुआत प्रोफेसर बी. के. नायक, अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति, एचबीएनआई द्वारा स्वागत भाषण देने के साथ हुई । तत्पश्तात्त , प्रो. यू. कामाची मुदली, कुलपति, एचबीएनआई ने सभा को संबोधित किया और अपने भाषण में हिंदी भाषा के प्रचार एवं प्रसार के महत्व पर ज़ोर दिया। मुख्य अतिथि डॉ. वी. सी. साहनी ने हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर सभा को सम्बोधित किया और आरआरसीएटी के निदेशक के रूप में अपने अनुभव और दिलचस्प किस्से साझा किए। उन्होंने 13 सितंबर को एचबीएनआई द्वारा आयोजित हिंदी श्रुतलेखन और अंग्रेजी-हिंदी अनुवाद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए। श्री बी. के. शर्मा, सचिव, राजभाषा कार्यान्वयन समिति, एचबीएनआई ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया और राष्ट्रगान के गायन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

परिषद कक्ष में हिंदी दिवस समारोह में भाग लेते एचबीएनआई के पदाधिकारी एवं कर्मचारी

सभा को सम्बोधित करते हुए डॉ. वी. सी. साहनी (बाएं); हिंदी प्रतियोगिता की विजेता डॉ. वी. सी. साहनी से पुरस्कार प्राप्त करते हुए (दाएं)